Lucknow: विराम खंड-5 के बुजुर्गों ने बड़े उत्साह से मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस

17 August 2024

विराम खंड-5 के बुजुर्गों द्वारा बड़े उत्साह से मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस

विराम खंड-5 उपसमिति गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के पदाधिकारियों व निवासियो द्वारा 78वे स्वतंत्रता दिवस पर वासंती पार्क में शहीदों के कुर्बानियो को नमन करते हुये बडे उत्साह के साथ ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया।

समिति के अध्यक्ष डाक्टर भरत राज सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत की विकास दर 8.5% से तेजी से आगे बढ रही है। आज दुनियाँ में हम सबसे बड़ी पाँचवीं अर्थव्यवस्था के पावदान पर हैं और 2027 तक तीसरी अर्थव्यवस्था पर पहुचने का लक्ष्य रखा है । इसमें हमारी विज्ञान व प्राद्योगिक के विकास का विशेष महत्व है। दुनिया को जलवायु परिवर्तन की विभीषिका को कम करने हेतु कार्बन घटाने हेतु नवीन / अक्षय उर्जा के श्रोतो का उपयोग तथा सडको के किनारे फलदार पेड लगाने का जनांदोलन शुरू किया जाना आवश्यक है ।

इस अवसर पर, जनकल्याण महासमिति के सचिव श्री अरुण त्रिवेदी, खण्ड प्रभारी राकेश जैतली, विमल चंद्र श्रीवास्तव, आनन्द प्रकाश अग्रवाल, उमेश तिवारी, भावे जी, बर्कले जी, गोरख प्रसाद निषाद, एस.बी.एल. मेहरोत्रा और अन्य सदस्यों / निवासियों की उपस्थिति रही |

---

https://ghoomtaaina.in/lucknow-78th-independence-day-was-celebrated-with-great-enthusiasm-by-the-elders-of-viram-khand-5/